उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के प्रथम सत्र–2023 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–9 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर न्यास परिषद् की माह जनवरी, 2017 व दिसम्बर, 2020 के समय विभिन्न बैंकों में कितने फिक्स डिपाजिट थें इस अवधि में न्यास परिषद् की आय कितनी हुई तथा विभिन्न मदों में कितनी धनराशि व्यय की गयी? | श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर न्यास द्वारा माह जनवरी, 2017 से दिसम्बर, 2020 तक 06 बैंकों में 103 सावधि जमा (एफ0डी0) थी। इस दौरान मंदिर में रू0 78.9 करोड़ की आय हुई थी तथा निर्माण/पुनर्वास/अन्न क्षेत्र/सेवईत एवं अन्य मदों में रू0 108.7 करोड़ का व्यय हुआ था। |
| (ख) श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर/न्यास के नाम से वर्ष 2019 से 2020 तक एच0डी0एफ0सी0 बैंक से किस आधार पर लोन लिया गया? | वर्ष 2019 से 2020 में वैश्विक महामारी कोविड–19 तथा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद् कॉरीडोर का निर्माण कार्य गतिशील होने के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ मंदिर 06 माह तक आमजन के लिए बन्द था। इस अवधि में मंदिर की व्यवस्था, अन्न क्षेत्र, दैनिक पूजा पाठ, कर्मचारियों का वेतन/मानदेय के भुगतान तथा परियोजना के समयबद्ध निर्माण के लिए ध्वस्तीकरण/पुनर्वासन हेतु धनराशि की आवश्यकता थी। उक्त के दृष्टिगत एच0डी0एफ0सी0 बैंक में सावधि जमा के सापेक्ष ओवर ड्राफ्ट के आधार पर धनराशि रू0 4,75,20,000/–(चार करोड़ पचहत्तर लाख बीस हजार मात्र) ली गयी थी, जिसका समायोजन दिनांक 17.09.2020 को किया जा चुका है। |
| (ग) क्या उक्त का विस्तृत विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जी हाँ, उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।